संख्या-17/2163/47/का-3-2013-24/8/2008टी.सी.

प्रेषक,

पी0बी0 सिंह
अनु सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

सचिव
लोक सेवा आयोग,
उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

कार्मिक अनुभाग-3 **लखनऊ : दिनांक : 26 दिसम्बर, 2013**

विषय- सरकारी सेवाओं में विकलांगजन के चिन्हित रिक्त पदों के बैकलाग को पूरा किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विकलांग कल्याण अनुभाग-3 के पत्र संख्या-1123/65-3-2013-4(रिट)/2009, दिनांक 18.11.2013(छायाप्रति संलग्न) का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रमुख सचिव, विकलांग कल्याण विभाग की अध्यक्षता में विकलांगजन के बैकलाग के पदों पर भर्ती हेतु गठित मानीटरिंग कमेटी की बैठक दिनांक 13.11.2013 का कार्यवृत्त की प्रति अनुपालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित विभागों के प्रमुख सचिव/ सचिव को प्रेषित किया गया है।

2- उक्त के संबंध में आपसे यह कहने का मुझे निदेश हुआ है कि अपने पूर्व पत्र संख्या-81/08अधि/2000-01, दिनांक 26.04.2012 में अंकित सूचना को अद्यावधिक करते हुए निर्धारित प्रारूपों में सूचना कार्मिक विभाग को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(एस0पी0 सिंह)
विशेष कार्याधिकारी।

संख्या-17/2163(1)/47/का-3-2013-24/8/2008टी.सी. तददिनांक,

प्रतिलिपि कार्मिक अनुभाग-4 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से

(एस0पी0 सिंह)
विशेष कार्याधिकारी।

http://shasanadesh.up.nic.in